श्याम तेरी मेहरबानी | By Kumari Gunjan

तेरे दर पे आने से बदली है मेरी ज़िंदगानी
तेरी महरबानी तेरी महरबानी

एक दौर वो भी था जब कोई ना था अपना
दुनिया का हर सुख मुझे लगता था सपना
बात हो गई है वो पुरानी
तेरी महरबानी तेरी महरबानी

गुण और करम से ज्यादा तुमने दिया है
अँधेरा मिटाके तुमने रोशन किया है
दुनिया जो मेरी थी वीरानी
तेरी महरबानी तेरी महरबानी

गर्व से ये सोनू प्रभु सबको बताये
किसकी वजह से जग में पहचाना जाए
तेरे नाम की है वो निशानी
तेरी महरबानी तेरी महरबानी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%a4%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a5%80-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%b0%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%80-by-kumari-gunjan/